# रंगोली बनाई, गुब्बारे छोड़कर और पटाखे छोड़ खुशियां मनाई

रतलाम। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि संपूर्ण भारत में गुरूवार को कोविड-19 के वैक्सीन के 100 करोड़

**▶ कोविड-19 वैक्सीन के 100 करोड़ डोज लगने पर टीकाकरण केंद्रों पर उत्साह, कार्यक्रम हुए**

डोज लगने के उपलक्ष में टीकाकरण केंद्रों पर उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किए गए। रतलाम शहर के अलकापुरी वैक्सीनेशन केंद्र पर आकर्षक गुब्बारे लगाए गए।




सम्पूर्ण भारत में 100 करोड़ डोज पूरे होने के संबंध में रंगोली बनाई गई तथा गुब्बारे छोड़कर एवं पटाखे चलाकर खुशियां व्यक्त की गई तथा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, समाजसेवी गोविंद काकानी, आशीष चौरसिया, लोकेश वैष्णव, सरला वर्मा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील आदि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान सभी पात्र हितग्राहियों को कोविड-19 का वैक्सीनेशन किया गया। नवभारत

## सेल्फी लेकर प्रसन्नता जताई

सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने सभी पात्र हितग्राहियों से कोविड-19 का कोविशिल्ड का दूसरा डोज 84 दिन के अंतर पर तथा को वैक्सीन का दूसरा डोज 28 दिन के अंतर पर अनिवार्य रूप से लगवाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न आमजन एवं नागरिकों ने सेल्फी पर अपने फोटो खिंचवाए एवं प्रसन्नता व्यक्त की।

नवभारत २२/१०/२१

# शहरों की तर्ज पर गांवों में भी होगा स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण 2021

रतलाम। शहरों की तर्ज पर अब जिले के ग्रामीण क्षेत्र का स्वच्छता सर्वेक्षण किया जाएगा। गांव के लोक स्वच्छता को लेकर कितने जागरुक हुए हैं और दैनिक जीवन में उन्होंने साफ-सफाई को कितना अपनाया है, इसे चेक करने के लिए केन्द्रीय दल द्वारा जिले के 25 गांवों में भ्रमण किया जाएगा।

स्वच्छता सर्वेक्षणण को लेकर 20 अक्टूबर को जिला पंचायत सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिडे द्वारा अधिकारियों को सर्वेक्षण की तैयारी के सम्बन्ध में निर्देश दिए गए। बैठक में डीपीओ महिला एवं बाल विकास विभाग श्री रजनीश सिन्हा, उपसंचालक कृषि श्री विजय चौरसिया, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा श्री राजेश धनोतिया, कार्यपालन यंत्री पीएचई श्री प्रदीप गोगादे, जिला परियोजना समन्वयक, डीपीएम एनआरएलएम, सीईओ जनपद पंचायत, सहायक यंत्री जनपद पंचायत, ब्लाक समन्वयक, एसबीएम जनपद पंचायत उपस्थित थे। श्रीमती भिडे ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण की रेकिंग मुख्यत: 03 प्रोटोकाल के तहत की जाएगी जिसमें नगारिक प्रतिक्रिया के 350 अंक, प्रत्यक्ष अवलोकन के 300 अंक एवं सेवा स्थल की प्रगति के 350 अंक होंगे। इस प्रकार स्वच्छता सर्वेक्षण कुल 1000 नम्बर का होगा जिसमें राज्यों एवं जिलों की रैकिंग की जाएगी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण स्वच्छता का सर्वेक्षण राष्टीय स्तर पर सभी जिलों में पारदर्शिता के साथ कराया जाएगा। केन्द्रीय दल द्वारा 25 अक्टूबर से 20 दिसम्बर के मध्य सभी जिलों का भ्रमण किया जाएगा। भ्रमण के दौरान दल द्वारा चयनित ग्राम के सार्वजनिक स्थान जैसे हाट बाजार, धार्मिक स्थल पर जाकर स्वच्छता की स्थिति का आंकलन किया जाएगा। साथ ही रेण्डम स्तर पर चयनित 10 घरों के रहवासियों से स्वच्छता के आयामों पर प्रतिक्रिया दर्ज करेगा। सर्वेक्षण दल ग्राम के स्कूल, आंगनवाडी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इत्यादि पर भी भ्रमण कर स्वच्छता की स्थिति की जानकारी दर्ज करेगा। ग्राम के सरपंच, सचित्र, शिक्षक, आंगनवाडी कार्यकर्ता आदि से भी सर्वेक्षण के सम्बन्ध में साक्षात्कार किया जाएगा।

श्रीमती जमुना भिडे द्वारा ग्रामों में स्वच्छता को लेकर किए जाने वाले कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। इस सम्बन्ध में ग्रामों में सार्वजनिक स्थानों पर एकत्रित घरों की जगह नाडेप बनाने हेतु उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया गया। सभी स्कूलों, छात्रों में स्वच्छता को लेकर जागरुकता एवं व्यवहार परिवर्तन, ग्रामीण क्षेत्र के शाला एवं शाला परिसरों की नियमित साफ-सफाई हेतु जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक को निर्देशित किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई के सम्बन्ध में महिलाओं को जागरुक करने हेतु जिला प्रबंधक महिला एवं बाल विकास विभाग एवं जिला परियोजना प्रबंधक एनआरएलएम को निर्देशित किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित हैण्डपम्प से निकलने वाले पानी का उचित निपटान साकपिट इत्यादि में किए जाने हेतु कार्यपालन यंत्री लो.स्वा.यां. विभाग को निर्देशित किया गया।

स्वतंत्र रतलाम २२/१०/२१

# अब गांवों में सफाई का स्तर नापने के लिए होगा स्वच्छता सर्वेक्षण

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

गांवों में कितनी सफाई हो रही है, अब स्वच्छता सर्वेक्षण में इसका भी जायजा लेंगे। शहरों की तर्ज पर अब गांव में भी सफाई का स्तर नापा जाएगा। लोक स्वच्छता को लेकर कितने जागरूक हुए हैं और दैनिक जीवन में उन्होंने साफ-सफाई को कितना अपनाया है, इसे चेक करने के लिए केन्द्रीय दल द्वारा जिले के 25 गांवों में भ्रमण किया जाएगा।

जमुना भिड़े ने अधिकारियों को सर्वेक्षण की तैयारी के सम्बन्ध में निर्देश दिए गए। बैठक में डीपीओ महिला एवं बाल विकास विभाग रजनीश सिन्हा, उपसंचालक कृषि विजय चौरसिया सहित कई विभाग उपस्थित थे। सीईओ ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण की रेकिंग मुख्यतः 3 प्रोटोकाल के तहत की जाएगी। इसमें नगारिक प्रतिक्रिया के 350 अंक, प्रत्यक्ष अवलोकन के 300 अंक एवं सेवा स्थल की प्रगति के 350 अंक होंगे। कुल 1000 नम्बर का होगा। राज्यों एवं जिलों की रैकिंग की जाएगी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण स्वच्छता का सर्वेक्षण राष्ट्रीय स्तर पर सभी जिलों में पारदर्शिता के साथ कराया जाएगा।



## 25 से गांवों में घूमेगा दल

केन्द्रीय दल द्वारा 25 अक्टूबर से 20 दिसंबर के मध्य सभी जिलों का भ्रमण किया जाएगा। भ्रमण के दौरान दल द्वारा चयनित ग्राम के सार्वजनिक स्थान जैसे हाट बाजार, धार्मिक स्थल पर जाकर स्वच्छता की स्थिति का आंकलन किया जाएगा। साथ ही रैंडम स्तर पर चयनित 10 घरों के रहवासियों से स्वच्छता के आयामों पर प्रतिक्रिया दर्ज करेगा।

दबंग दुनिया २२/१०/२१

## सुभाष शॉपिंग काम्प्लेक्स में टेंडर की तारीख बढ़ी

**रतलाम @ पत्रिका.** शहर के महू रोड स्थित सुभाष शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में दुकान के टेंडर में भाग लेने की अंतिम तारीख को बढ़ाकर अब 10 नवंबर कर दिया गया है। इसके पूर्व यह तारीख 21 अक्टूबर थी। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया महू रोड स्थित सुभाष शॉपिंग काम्प्लेक्स में दुकान की बिक्री के लिए टेंडर की अंतिम तारीख पूर्व में 21 अक्टूबर थी, लेकिन अब इसको बढ़ा दिया गया है। इसकी वजह आमजन का नवरात्र पर्व में व्यस्त रहना बताया जा रहा है। 103 दुकानों में से तीन दुकान की बिक्री पूर्व में ही निगम यहां कर चुका है। अब शेष रही 99 दुकानों के लिए निविदा जारी की गई है। नगर निगम का यह पहला ऐसा शॉपिंग काम्प्लेक्स है, जिसमे सीसीटीवी लगाए जाएंगे।

पत्रिका २२/१०/२१

## 2010 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

**रतलाम।** शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार को 39 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया गया। इस तरह अब तक 2010 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है।

नई दुनिया २२/१०/२१

## गंदगी करने पर जुर्माना वसूला

**रतलाम।** खुले में गंदगी करने पर पायल पैलेस चांदनी चौक व जोशी जी चौमुखीपुल से 5000-5000 रुपये तथा हाकीमी प्लायवुड साक्षी पेट्रोल पंप के पास से 500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। सभी को गंदगी नहीं करने की समझाइश भी दी गई।

नई दुनिया २२/१०/२१

## पीएम मोदी का जनता की जिन्दगी बचाने के लिए हार्दिक अभिनंदन

# भारत ने 100 करोड़ से ज्यादा टीके लगाकर बनाया नया रिकार्ड - शिवराज

**स्वतंत्र समय, भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भारत के लिए आज का दिन उपलब्धि का दिन है। कोविड के भारत में 100 करोड़ टीके लगा लिए गए हैं। यह ऐतिहासिक उपलब्धि है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्टेट हैंगर पर मीडिया को जारी संदेश में यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जनता की जिंदगी बचाने के इस अभियान के लिए हार्दिक अभिनंदन करता हूं। पहले हमने स्वदेशी वैक्सीन बनाई जो कोविड-19 के विरुद्ध लड़ाई में बहुत महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। अब 100 करोड़ से ज्यादा टीके लगा कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। एक नया इतिहास रचा है। जिंदगी के दो डोज के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का जितना अभिनंदन किया जाए, उतना कम है। मैं मध्यप्रदेश के सभी स्वास्थ्य कर्मियों, टीका लगाने के अभियान में लगे साथियों, सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं और जिन बहनों-भाइयों ने




टीकाकरण अभियान में सहयोग दिया है उनको हृदय से धन्यवाद देता हूं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में भी अब तक 6 करोड़ 72 लाख 43 हजार से अधिक वैक्सीन के डोज लगाए जा चुके हैं। हमारा अभियान लगातार जारी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान नें कहा कि यह संभव नहीं होता यदि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी वैक्सीन न बनती। प्रधानमंत्री मोदी ने निः शुल्क वैक्सीन देकर लोगों की जिंदगी कोविड की तीसरी लहर से सुरक्षित की है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने देश एवं प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश की जनता से अपील की है कि जिन्होंने अभी तक वैक्सीन का दूसरा डोज नहीं लगवाया है, वे दूसरा डोज अवश्य लगवा लें, क्योंकि कोविड से बचने के लिए दूसरा डोज जरूरी है। दिसंबर माह के अंत तक हमको सभी प्रदेशवासियों को दूसरा डोज लगाने के अभियान को पूरा करना है।

### फाइजर वैक्सीन का बूस्टर डोज कोरोना पर 95.6% इफेक्टिव

**फ्रैंकफर्ट।** अमेरिकी कंपनी फाइजर-बायोएनटेक की कोरोना वैक्सीन का बूस्टर शॉट संक्रमण से 95.6 प्रतिशत सुरक्षा प्रदान करता है। कंपनी ने 16 साल से ज्यादा उम्र के 10 हजार लोगों पर 11 महीने किए ट्रायल की जानकारी गुरुवार को जारी की। सामने आया है कि फाइजर वैक्सीन का दूसरा डोज लेने के बाद 84 प्रतिशत तो तीसरा (बूस्टर) डोज लेने के बाद संक्रमण से 95.6 प्रतिशत तक बचा जा सकता है। फाइजर-बायोएनटेक ने कहा कि जब डेल्टा वैरिएंट दुनिया में तेजी से फैल रहा था, उस समय लोगों पर ट्रायल किया गया। कंपनी के सीईओ अल्बर्ट बौर्ला ने कहा कि ट्रायल के रिजल्ट से पता चलता है कि बूस्टर शॉट लेने के बाद संक्रमण से अच्छी तरह से सुरक्षित रहा जा सकता है।

स्वतंत्र समय



### देशभर में जश्न, रोशनी में डूबी ऐतिहासिक धरोहरें

**नई दिल्ली।** भारत ने बृहस्पतिवार को कोविड रोधी टीकाकरण अभियान में 100 करोड़ डोज लगाने का आंकड़ा पार कर लिया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर पुरातत्व सर्वेक्षण ने देश की 100 स्मारकों को तिरंगे की रोशनी से जगमग किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने राम मनोहर लोहिया अस्पताल का दौरा कर स्वास्थ्यकर्मियों से उनके अनुभव जाना और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। यही नहीं इस मौके केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने एक गीत और एक फिल्म जारी की। इसमें टीकाकरण की शुरुआत के प्रयासों को दिखाया गया है।

### 31 फीसद से अधिक को दोनों डोज

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की ओर से हैदराबाद में चारमीनार को तिरंगे की रोशनी से जगमग किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक देश की वयस्क जनसंख्या में 31 फीसद से अधिक लोगों को टीके की दोनो खुराक दी जा चुकी है।

स्वतंत्र समय 22/10/21

खिलाड़ी बोले, सूचना के बाद भी नहीं आता निगम दल

# कैसे हो मैदान में अभ्यास, मवेशी से लेकर श्वानों के कारण परेशानी

पत्रिका

**ग्राउंड रिपोर्ट**



**रतलाम @ पत्रिका.** शहर ने देश को राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में गोल्ड से लेकर सिल्वर पदक दिलाए हैं। इसके लिए खिलाड़ी कड़ा अभ्यास शहर के अलग-अलग खेल मैदान में करते हैं। इन दिनों जब देश दुनिया कोरोना काल से बाहर आ गई है, तब खिलाड़ी भी मैदान में जाकर फिर से अभ्यास शुरू कर दिए हैं। इनको एक नई चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। मैदान में कुत्तों से लेकर मवेशियों का जमघट है, जो खिलाड़ियों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं।

शहर में शासकीय कला व विज्ञान महाविद्यालय का खेल मैदान, नेहरू स्टेडियम का खेल मैदान, सागोद रोड का खेल मैदान सहित अलग-अलग 5 से अधिक क्षेत्र ऐसे है जहां खेल मैदान पर आकर खिलाड़ी सुबह से लेकर देर शाम तक अभ्यास करते है। अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों के अनुसार जब वे अभ्यास करते है तो साथ में मैदान में बैठे हुए कुत्ते दौड़ते है। सुबह घूमने वाले भी मैदान में आते है, उनको बीच में बैठे हुए मवेशियों से परेशानी होती है। पत्रिका

एक भी ऐसा स्थान सुरक्षित नहीं है जहां कुत्तों से लेकर मवेशी नहीं हो। अब मैदान में आकर भी इन्होंने कब्जा जमा लिया है। - **रघुबु जोशी**, खिलाड़ी

मैदान में खिलाड़ियों की परेशानी की सूचना मिली है। कार्रवाई की जाएगी। - **जीके जायसवाल**, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम

पत्रिका २२/१०/२१

# एलाइजा जांच की नौ रिपोर्ट में डेंगू का एक मरीज मिला

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिला अस्पताल लैब की एलाइजा जांच की नौ रिपोर्ट में गुरुवार को भी डेंगू का एक नया मामला मिला है। इस तरह अब जिले में डेंगू के मामलों की संख्या 433 पहुंच गई है।

इसके साथ शहर के 388 घरों में एडिज लार्वा सर्वे के दौरान 58 में लार्वा मिला है, जिसे नष्ट कराया गया। 13 पानी की टंकी, 37 कंटेनर, दो बेकार टायर में भी लार्वा मिला। लार्वा मिलने वाले स्थानों पर टेमोफास दवाई का छिड़काव करने के साथ फागिंग कराई गई है। लगातार सर्वे और बचाव के उपाय चल रहे हैं, लेकिन नए मामले लगातार मिल रहे हैं। गुरुवार को भी जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज, बाल चिकित्सालय और मेडिकल कालेज में एंटीजन किट में डेंगू के नए मरीज मिले, जिनका उपचार शुरु कर दिया गया है।

नईदुनिया 22/10/21

# त्रिमूर्ति नगर में मिला कोरोना मरीज

रतलाम। एक बार फिर जिले में कोरोना पॉजिटिव मरीज सामने आया है। जिले में सितंबर के महीने में तीन पॉजिटिव मरीज सामने आए थे। जिसके बाद अब अक्टूबर के महीने में 20 दिनों के बाद एक बार फिर शहर के त्रिमूर्ति नगर क्षेत्र में पॉजिटिव मरीज मिला है। जिसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। जिले में एक्टिव भर्ती मरीज की संख्या 1 हो गई है। रतलाम जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार थमने के बाद डेंगू का प्रकोप जारी है। जिले में लगातार बढ़ रहे डेंगू के साथ अब कोरोना की भी दोबारा एंट्री शहर में हो चुकी है। बीते 20 दिनों में एक भी कोरोना संक्रमित मरीज सामने नहीं आया था। लेकिन गुरुवार शाम मेडिकल कॉलेज की लैब से प्राप्त रिपोर्ट में 27 वर्षीय युवक की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जिले में अब तक कोरोना संक्रमित हुए मरीजों की संख्या 17507 हो गई है। जिसमें से 17195 मरीज स्वस्थ होकर अपने घर लौटे हैं। वहीं 311 मरीजों की मौत भी कोरोना संक्रमण से हुई है।

दबंग दुनिया 22/10/21

# सफाईकर्मियों का प्रदर्शनः नगरीय निकायों में व्यापमं के जरिए भर्ती का विरोध, मांगी स्थायी नियुक्ति



रतलाम। नगरीय निकायों में सहायक वर्ग 3 और 4 के पदों के लिए व्यापमं के माध्यम से भर्ती किए जाने के विरोध में रतलाम जिले के विभिन्न नगरीय निकायों के स्थाई सफाई कर्मियों ने मोर्चा खोला है। अस्थाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर वर्षों से कार्यरत अस्थाई कर्मचारियों को स्थाई किए जाने की मांग की है। आलोट, जावरा, नामली, धामनोद और सैलाना के सैकड़ों कर्मचारियों ने आज रतलाम कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। मांगें पूरी नहीं होने पर सफाई कर्मचारी संघ ने चरणबद्ध आंदोलन करने की चेतावनी दी है। दरअसल, व्यापमं के माध्यम से नगरीय निकायों में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती किए जाने के विरोध में प्रदेश भर में नगरीय निकाय के सफाई कर्मचारी लामबंद हो रहे हैं। रतलाम जिले के नगरीय निकाय के सफाई कर्मचारी संघ ने आज कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है।

**अस्थाई सफाई कर्मियों की यह हैं मांगें**

- व्यापम द्वारा सहायक वर्ग-3, सहायक राजस्व निरीक्षक और भृत्य आदि पदों पर निकाली गई नई भर्तियों पर तत्काल रोक लगाई जाए।

- वर्षों से अस्थाई वेतन भोगी, मस्टरकर्मी, श्रमिक और दैवेभो को विभागीय परीक्षा आयोजित कर स्थाई नियुक्ति दी जाए।

इन्दौर समाचार 22/10/21

# दैनिक वेतन भोगियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

## व्यापम के माध्यम से नवीन भर्तियों पर रोक लगाने की मांग

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

दैनिक वेतन भोगियों का सरकार को 15 दिन का अल्टीमेटम मांगे नहीं मानी तो 15 दिन बाद सफाई पेयजल आवश्यक कालीन कार्यों सहित मैदानी व्यवस्था बाधित करने की चेतावनी दी दैनिक वेतन भोगियों ने आज व्यापम के माध्यम से नवीन भर्ती को लेकर सड़कों पर प्रदर्शन किया और नवीन कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार गोपाल सोनी को ज्ञापन प्रेषित किया ज्ञापन के माध्यम से दैनिक वेतन भोगियों ने मांग की है की शासन द्वारा व्यापम के माध्यम से नवीन भर्ती कराई जा रही थी जो गलत है हम ईसका विरोध करते है प्रदेश भर में समस्त निकायों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी, मस्टरकर्मी तथा स्थाई कर्मियों का शोषण कर रही है निकाय में कई मास्टर एवं दैनिक वेतन भोगी कार्यरत हैं जिन्हें बार बार निकाला वह रखा जाता है जिससे उनकी आजीविका पर भी असर पड़ता है और उन्हें परिवार के पालन पोषण में भी कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हम सरकार से मांग करते है प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड व्यापम के माध्यम से नवीन भर्ती तत्काल रोक लगाने, वर्षों से अस्थाई, श्रमिक, वेतन भोगी, दैनिक वेतन भोगी मस्टरकर्मी, स्थाई कर्मी विभिन्न पदों के दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा से साथ कर रहे हैं।



उन्हें तत्काल रिक्त पदों पर योग्यता अनुसार नियमित करने , प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा विभागीय परीक्षा आयोजित की जाए ताकि निकाय कर्मचारी गण उक्त परीक्षा के माध्यम से योग्यता के आधार पर वरिष्ठ पद प्राप्त कर सकें यह हमारी मुख्य मांगे हैं यदि शासन ने हमारी मांगे नहीं मानी तो 15 दिवस बाद उग्र आंदोलन कर शहर की सफाई पेयजल आवश्यक कालीन कार्यों और मैदानी व्यवस्थाओं को बाधित कर दिया जाएगा। २१७

राज एक्सप्रेस २२/१०/२१

# नगरीय निकायों के सफाई कर्मियों ने मोर्चा खोला



रतलाम » दबंग रिपोर्टर

नगरीय निकायों में सहायक वर्ग 3 और 4 के पदों के लिए व्यापम के माध्यम से भर्ती किए जाने के विरोध में जिले के विभिन्न नगरीय निकायों के स्थाई सफाईकर्मियों ने मोर्चा खोला है। अस्थाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर वर्षों से कार्यरत अस्थाई कर्मचारियों को स्थाई किए जाने की मांग की है। आलोट, जावरा, नामली, धामनोद और सैलाना के सैकड़ों कर्मचारियों ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मांगे पूरी नहीं होने पर सफाई कर्मचारी संघ ने चरणबद्ध आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

दरअसल व्यापम के माध्यम से नगरीय निकायों में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती किए जाने के विरोध में प्रदेशभर में नगरीय निकाय के सफाई कर्मचारी लामबंद हो रहे हैं। रतलाम जिले के नगरीय निकाय के सफाई कर्मचारी संघ ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

**अस्थाई कर्मचारियों को स्थाई किए जाने की मांग, दिया ज्ञापन**

## अस्थाई सफाई कर्मियों की मांगें

व्यापम द्वारा सहायक वर्ग-3, सहायक राजस्व निरीक्षक और भृत्य आदि पदों पर निकाली गई नई भर्तियों पर तत्काल रोक लगाई जाए। वर्षों से अस्थाई वेतन भोगी, मस्टरकर्मी, श्रमिकों को विभागीय परीक्षा आयोजित कर स्थाई नियुक्ति दी जाए।

दबंग दुनीया २२/१०/२१







**स्वच्छ भारत अभियान को पलीता लगा रहे जिम्मेदार, जगह-जगह लग रहे गदंगी का ढेर, जनसुविधा की अनदेखी**

# सार्वजनिक सुविधाघर की नहीं हो रही सफाई

## निगम आयुक्त के खोखले दावों की पोल खोलती तस्वीरें...

रतलाम ■ नरेन्द्र अग्रवाल

शहर की स्वच्छता में महत्वपूर्ण स्थान निभाने वाले सार्वजनिक सुविधा घर इस समय खुद स्वच्छता को तरस रहे हैं। लोगों की सुविधा के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर बनाए गए सार्वजनिक सुविधा घर की सफाई न होने से गंदगी से भरे पड़े हैं। सार्वजनिक सुविधा घर का उपयोग तो दूर लोग इन सुविधा घर के बारे में सोचना भी पसंद नहीं कर रहे हैं। राज एक्सप्रेस ने जब इन सुविधा घरों का हाल जाना तो निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के दिखावटी दावे खोखले साबित हुए। शहर के सुविधाघरों में इतनी गंदगी थी कि उनकी तस्वीर दिखाना शायद उचित ना होगा। गंदगी से पटे पड़े इन सुविधाघर की हालात निगम के जिम्मेदार अधिकारियों की कारगुजारी उजागर कर रही है।

शहर के अलग-अलग स्थानों पर स्थित सार्वजनिक सुविधा घर की कई दिनों से सफाई न होने से महज दिखावा साबित हो रहे हैं। वहीं यहां पानी की सुविधा भी नहीं है। शहर के प्रमुख चौराहों पर जनता की सुविधा के लिए बनाए गए सुविधा घर शोपीस बनकर रह गए हैं। सफाई न होने से लोग इनका मजबूरी में ही उपयोग करते हैं। कई सुविधा घर ऐसे हैं, जिनकी सफाई न होने से लोगों ने थूकने के लिए स्थान बना लिया है।




शहर के जावरा फाटक अंडरब्रिज, पुराने सर्वानंद के पास, चौमुखीपुल, नगर निगम परिसर में, नाहरपुरा सहित अनेक सार्वजनिक सुविधा घर की हालात खराब है। निगम अमले द्वारा इनकी रोजाना सफाई नहीं की जाती है जिसकी वजह से इनमें बहुत बदबू आती है और इस वजह से आम नागरिक इनका उपयोग नहीं कर पा रहा है। नगर निगम द्वारा सफाई के लिए हर महीने हजारों रुपए खर्च किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ भी नहीं दिखता। सार्वजनिक सुविधा घर गंदगी से पटे होने से इनका उपयोग हो ही नहीं रहा। २१७

### लोग खुले में जाने को मजबूर...

सार्वजनिक सुविधा घर की सफाई न कराए जाने से लोग खुले में जाने को मजबूर हो रहे है। मुत्रालय के लिए पुरुष वर्ग तो कैसे भी करके खुले स्थानों का उपयोग कर लेता है, लेकिन महिलाओं के लिए सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद नगर निगम सार्वजनिक सुविधा घर की सफाई नहीं करवा रहा है। सुविधा घर की स्वच्छता के अलावा यहां और भी समस्याएं है जिनसे विभिन्न परेशानियां निर्मित होती हैं। कुछ सार्वजनिक सुविधा घर ऐसे भी हैं, जिनके स्लेब टूट गए हैं, तो कई सुविधा घर अंदर से आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हैं। जिनकी मरम्मत नहीं कराई जा रही है।

### जिम्मेदारों ने नहीं उठाया फोन

जब इस संबंध में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से चर्चा करना चाही गई तो उन्होने कई बार फोन करने के बाद भी फोन रिसीव नही किया, वहीं उपायुव त विकास सोलंकी जिनका स्वभाव हमेशा फोन नही उठाना है, इस बार भी उन्होने राज एक्सप्रेस ब्यूरो का फोन नही उठाया। वहीं शहर की स्वच्छता की देखरेख करने वाले जी.के.जायसवाल ने भी अपना दायित्व निभाते हुए फोन नही उठाया।

राज
एक्सप्रेस
22/10/21

# सफाईकर्मियों का प्रदर्शन

# नगरीय निकायों में व्यापमं के जरिए भर्ती का विरोध मांगी स्थायी नियुक्ति



स्वतंत्र समय, रतलाम।

नगरीय निकायों में सहायक वर्ग 3 और 4 के पदों के लिए व्यापमं के माध्यम से भर्ती किए जाने के विरोध में रतलाम जिले के विभिन्न नगरीय निकायों के स्थाई सफाई कर्मियों ने मोर्चा खोला है। अस्थाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर वर्षों से कार्यरत अस्थाई कर्मचारियों को स्थाई किए जाने की मांग की है। आलोट, जावरा, नामली, धामनोद और सैलाना के सैकड़ों कर्मचारियों ने आज रतलाम कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। मांगें पूरी नहीं होने पर सफाई कर्मचारी संघ ने चरणबद्ध आंदोलन करने की चेतावनी दी है। दरअसल, व्यापमं के माध्यम से नगरीय निकायों में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती किए जाने के विरोध में

## अस्थाई सफाई कर्मियों की यह हैं मांगें

- व्यापम द्वारा सहायक वर्ग-3, सहायक राजस्व निरीक्षक और भृत्य आदि पदों पर निकाली गई नई भर्तियों पर तत्काल रोक लगाई जाए।
- वर्षों से अस्थाई वेतन भोगी, मस्टरकर्मी, श्रमिक और देवेभो को विभागीय परीक्षा आयोजित कर स्थाई नियुक्ति दी जाए।

प्रदेश भर में नगरीय निकाय के सफाई कर्मचारी लामबंद हो रहे हैं। रतलाम जिले के नगरीय निकाय के सफाई कर्मचारी संघ ने आज कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है।

स्वतंत्र समय

स्वतंत्र समय 22/10/21

# निगम ने खाली प्लाटों पर संज्ञान लेकर स्पॉट फाईन लगाया

## सोशल मीडिया पर चली प्रतिक्रिया, खाली प्लाट धारकों पर निगम कार्रवाई करें

खबर का असर

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

स्वदेश में 'खाली प्लाटों पर लग रहा कचरा गंदगी का ढेर' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी, जिस पर निगमायुक्त ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की। निगम आयुक्त ने इस खबर को गंभीरता से लिया तथा निगम के अमले को प्लाट देखने भेजा जहां गंदगी पाए जाने पर पांच-पांच हजार रुपए का स्पॉट फाईन गंदगी फैलाने वालों पर किया।




निगमायुक्त की यह त्वरित पहल सराहनीय है जिन्होंने खबर पर संज्ञान लेते हुए यह कार्रवाई की। सोश्यल मीडिया पर इस खबर को डाले जाने पर अनेक लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता राज लुनिया ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि खाली पड़े प्लाटों के बाहर तो गंदगी हो ही रही है परन्तु अंदर भी गंदगी के साथ जंगली पौधे उग रहे है। पत्रकार रमेश मिश्रा चंचल ने प्रतिक्रिया देते हुए लिखा है कि प्रत्येक वार्ड के सफाई दरोगा को खाली प्लाट की जानकारी नगर निकायों को देना चाहिए।

साहित्यकार **जुझारसिंह भाटी** ने प्रतिक्रिया में कहा कि जो भी प्लाट पांच सालों से खाली पड़े है उनके मालिकों के खिलाफ भी कार्रवाई होना चाहिए, क्योंकि सबसे ज्यादा गंदगी इन्हीं प्लाटों पर होती है।

साहित्यकार **डॉ. मुरलीधर चांदनीवाला** ने प्रतिक्रिया में लिखा कि प्रियदर्शनी नगर रतलाम स्थित उनके घर के पास 30 बाय 50 का प्लाट 30 सालों से खाली पड़ा है। प्लाट का मालिक कभी देखने में नहीं आया। कॉलोनी के सब लोगों के लिए यह प्लाट कचरा फेंकने का अड्डा है। नगर निगम की कचरा ट्राली का स्टैंड भी है। नगर निगम ने सीमेंट के बड़े-बड़े पाईप भी यहां पिछले पांच बरस से पटक रखे है। बहुत सारे लोग अपने निजी उपयोग के लिए पाईप उठाकर भी ले गए। मैंने कई बार नगर निगम में रिपोर्ट दर्ज भी करवाई कोई सुनवाई नहीं हुई। पिछले दो दशक से इस प्लाट की साफ-सफाई वे अपने व्यय पर करवाते करवाते थक गए है।

**एडवोकेट सुभाष उपाध्याय** ने लिखा है कि कचरे की गाड़ियां तो बंद हो गई गुलमोहर कालोनी, गीता मंदिर क्षेत्र में ध्यान आकर्षित किया लेकिन कोई असर नहीं।

**भाजपा नेता प्रकाश सेठिया** ने प्रतिक्रिया दी कि कचरा गाड़ियों को नगर निगम द्वारा चलवाया जा रहा है, जिस पर लाखों खर्च हो रहे है तो फिर पड़ोसियों के यहां कचरा डालना गलत है। फाईन तो होना ही चाहिए।

इसके साथ ही अनेकों लोगों ने खबर को पसंद करते हुए इसे सही बताया है तथा कहा है कि इस प्रकार के खाली-प्लाटों को कचरे अड्डे के रूप में उपयोग में नहीं लाए जाना चाहिए। स्वदेश

स्वदेश २२/10/२१

**द्वारका रेसीडेंसी: उच्च न्यायालय में अपील का दिया हवाला**

# संचालक की हुई आयुक्त के सामने पेशी

मनमर्जी का निर्माण

**द्वारका रेसीडेंसी का गड़बड़झाला**



**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. द्वारका रेसीडेंसी के संचालक जितेंद्र नागल ने गुरुवार को नगर निगम में आयुक्त सोमनाथ झारिया के सामने पेश होकर अपने दस्तावेज प्रस्तुत किए। इसमे लिखा गया है कि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय इंदौर में याचिका दायर की गई है। जिसमे 23 अक्टूबर को पहली पेशी है। इसलिए अब आयुक्त को सुनवाई का अधिकार नहीं है।

बता दे कि 2019 में द्वारका रेसीडेंसी का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। बिल्डर से सरकारी भूमि को आमरास्ता बताकर मंजूरी ली। इतना ही नहीं 15 हजार से अधिक वर्गफीट भूमि पर कब्जा करते हुए सीसी रोड बना दी थी। इसके अलावा निवेशकों को बिल्डर ने द्वारका रेसीडेंसी में आने जाने के लिए मुख्य मार्ग बताया था। इस बीच कलेक्टर ने मिली शिकायत के आधार पर जांच कमेटी बनाई व कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर अतिक्रमण तोड़ने को कहा। द्वारका रेसीडेंसी संचालक मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ गया लेकिन वहां से पहले कलेक्टर के पास जाने को कहा गया। इन सब के बीच सरकारी भूमि पर नगर निगम ने एक तरफा कब्जा लिया व जो अतिक्रमण था उसको कलेक्टर कोर्ट के आदेश अनुसार तोड़ दिया।

## पहले 18 को होना थी पेशी

द्वारका रेसीडेंसी संचालक जितेंद्र नागल को 18 अक्टूबर को नगर निगम में आना था। लेकिन उसने अपने दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए। अब गुरुवार को आकर दस्तावेज जमा किए है, जिसमे इस बात का उल्लेख है कि मामला उच्च न्यायालय में है इसलिए अब आयुक्त को सुनवाई का अधिकार नहीं है।

दस्तावेज का पहले परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद निर्णय लिया जाएगा। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका 22/10/21


# अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी किए जाने की मांग, दिया ज्ञापन

## नगरीय निकायों के अस्थायी सफाई कर्मियों ने मोर्चा खोला

पीपुल्स संवाददाता ● रतलाम
मो.नं. 9826486291

नगरीय निकायों में सहायक वर्ग-3 और 4 के पदों के लिए व्यापम के माध्यम से भर्ती किए जाने के विरोध में जिले के विभिन्न नगरीय निकायों के स्थाई सफाई कर्मियों ने मोर्चा खोला है। अस्थायी कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर वर्षों से कार्यरत अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी किए जाने की मांग की है।

आलोट, जावरा, नामली, धामनोद और सैलाना के सैकड़ों कर्मचारियों ने आज रतलाम कलेक्टोरेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के



नाम ज्ञापन सौंपा है। मांगें पूरी नहीं होने पर सफाई कर्मचारी संघ ने चरणबद्ध आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

दरअसल, व्यापम के माध्यम से नगरीय निकायों में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती किए जाने के विरोध में प्रदेशभर में नगरीय निकाय के सफाई कर्मचारी लामबंद हो रहे हैं। रतलाम जिले के नगरीय निकाय के सफाई कर्मचारी संघ ने आज कलेक्टोरेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है।

**अस्थाई सफाई कर्मियों की मांग-** व्यापम द्वारा सहायक वर्ग-3, सहायक राजस्व निरीक्षक और भृत्य आदि पदों पर निकाली गई नई भर्तियों पर तत्काल रोक लगाई जाए। वर्षों से अस्थाई वेतनभोगी, मस्टरकर्मी, श्रमिक और दैवेभो को विभागीय परीक्षा आयोजित कर स्थाई नियुक्ति दी जाए। पिपुल्स

पिपुल्स समाचार २२/१०/२१

# वैक्सीनेशन के सौ करोड़ डोज पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

रतलाम। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि संपूर्ण भारत में गुरुवार को कोविड-19 के वैक्सीन के 100 करोड़ डोज लगने के उपलक्ष में टीकाकरण केंद्रों पर उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किए गए। रतलाम शहर के अलकापुरी वैक्सीनेशन केंद्र पर आकर्षक गुब्बारे लगाए गए।

सम्पूर्ण भारत में 100 करोड़ डोज पूरे होने के संबंध में रंगोली बनाई गई तथा गुब्बारे छोड़कर एवं पटाखे चलाकर खुशियां व्यक्त की गई तथा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीएमएचओ डॉ.प्रभाकर ननावरे, समाजसेवी गोविंद काकानी, आशीष चौरसिया, लोकेश वैष्णव, श्रीमती सरला वर्मा, जिला टीकाकरण अधिकारी.डॉक्टर वर्षा कुरील आदि ने दीप प्र%वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान सभी पात्र हितग्राहियों को कोविड-19 का वैक्सीनेशन किया गया। सीएमएचओ डॉ.प्रभाकर ननावरे ने सभी पात्र हितग्राहियों से कोविड-



19 का कोविशिल्ड का दूसरा डोज 84 दिन के अंतर पर तथा को वैक्सीन का दूसरा डो? 28 दिन के अंतर पर अनिवार्य रूप से लगवाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न आमजन एवं नागरिकों ने सेल्फी पर अपने फोटो खिंचवाए एवं प्रसन्नता व्यक्त की।

२१५

[illegible] २२/१०/२१

# दिसंबर-जनवरी में पंचायत, 2022 के मई-जून में होंगे नगरीय निकाय चुनाव

## सरकारी अमले के साथ राजनीतिक पार्टियों ने शुरू की तैयारियां

**भास्कर ब्रेकिंग**

**दीपावली बाद राज्य निर्वाचन आयोग कर सकता है तारीख का ऐलान**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना का असर कम होने के बाद सरकार ने चुनाव की बिसात बिछाना प्रारंभ कर दिया है। तैयारियां जिस तेजी से हो रही हैं, उससे लग रहा है कि पंचायत चुनाव दिसंबर-जनवरी में होंगे। इसके बाद मार्च-अप्रैल में परीक्षाओं के निपटने के बाद मई-जून में नगरीय निकाय चुनाव होंगे। फिलहाल राजनीतिक दल खंडवा लोकसभा व पृथ्वीपुर, जोबट, रैगांव विधानसभा उपचुनाव में लगे हैं। इसके बाद दीपावली आ जाएगी। संभावना जताई जा रही है कि त्योहार के निपटते ही राज्य निर्वाचन आयोग पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान कर देंगे। पंचायत चुनाव समाप्त होने के बाद फरवरी से अप्रैल तक परीक्षाओं का दौर चलेगा। निर्वाचन आयोग इनके बाद ही नगरीय निकाय चुनाव कराने की तैयारी करके बैठा है। इसके चलते पार्षद और महापौर का चुनाव लड़ने के लिए कमरकस तैयारी कर रहे 400 से ज्यादा उम्मीदवारों के तेवर ढीले पड़ गए हैं। बता दें कि नगर निगम परिषद का कार्यकाल दिसंबर 2019 में ही खत्म हो चुका है।

### तैयारी : 270 केंद्रों पर मतदान होगा, जनवरी में फिर अपडेट होगी मतदाता सूची, निर्वाचन आयोग ने करवाई मैपिंग

जनवरी में मतदाता सूची भी अपडेट होगी। फिलहाल विधानसभा की सूची का पुनरीक्षण चल रहा है। इसमें जो घट-बढ़ होगी उसके अनुसार निकाय की वोटर लिस्ट भी बदलेगी। अक्टूबर 2020 में जारी फाइनल वोटर लिस्ट में 219843 मतदाता हैं। ये 270 केंद्रों पर मतदान करेंगे, जिनकी निर्वाचन आयोग ने मैपिंग करवा ली है।

**सदस्य निर्वाचन के लिए रिटर्निंग सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त** - कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने गुरुवार को त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के लिए पंचायत सदस्य के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारी की नियुक्ति कर दी है। इसके अनुसार कलेक्टर रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रहेंगे। जिला स्तरीय सहायक रिटर्निंग अधिकारी अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, तहसीलदार गोपाल सोनी को बनाया गया है। विकासखंड स्तरीय सहायक रिटर्निंग अधिकारियों में तहसीलदार अनिता चोकोटिया, मृगेंद्र सिसोदिया, किरण वरवड़े, आनंद जायसवाल, भगवान सिंह ठाकुर, अश्विनी गोहिया को नियुक्त किया है। भास्कर

### उपचुनाव में जुटे

दिसंबर में पंचायत और उसके बाद अप्रैल, मई, जून में नगरीय चुनाव होंगे। फिलहाल सारे प्रमुख नेता उपचुनाव में जुटे हैं। उसके बाद स्थानीय चुनाव की तैयारी करेंगे।

**दिनेश शर्मा,** निकाय चुनाव प्रभारी-भाजपा

### हम तैयार हैं

चुनाव को तैयार हैं, राज्य सरकार निकाय चुनाव कराने से कतरा रही है। पंचायत के बाद निकाय चुनाव की तारीख घोषित होते ही उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर देंगे।

**महेंद्र कटारिया,** अध्यक्ष-शहर कांग्रेस

दे. भास्कर 22/10/21

# राज्य निर्वाचन आयुक्त ने पंचायत निर्वाचन की तैयारियों को लेकर कलेक्टरों से चर्चा की

## जिला निर्वाचन अधिकारी जिला पंचायत चुनाव को लेकर अधीनस्थ अधिकारियों को दी जिम्मेदारियां

रतलाम ● स्वदेश समाचार

राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने कलेक्टर्स एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन की सभी तैयारियां जल्द पूरी करें। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के कारण पहले चुनाव नहीं कराए जा सके। प्रदेश में कोरोना अब पूरी तरह से नियंत्रण में है। वैक्सीनेशन का एक डोज लगभग सभी लोगों को लग चुका है। अतः अब निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सकती है। श्री सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर्स से चर्चा की।

राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि पँचायतों की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 3 मार्च को हो चुका है। इसके बाद भी कोई विशेष त्रुटि सामने आती है तो आयोग से अनुमति प्राप्त कर उनमें सुधार कर सकते हैं। ऐसे मतदान केन्द्र जहां 750 से अधिक मतदाता हैं, वहां एक अतिरिक्त मतदानकर्मी की नियुक्ति मतदान दल में की जाएगी। श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश की सभी जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायतों, जिनका कार्यकाल पूरा हो चुका है और जिनका मार्च 2022 तक पूरा हो रहा है, का निर्वाचन करवाया जाएगा। मतदान तीन चरणों में होगा। सेक्टर और झोनल अधिकारी की नियुक्ति कर उन्हें निर्वाचन के दौरान विशेष कार्यपालिक दण्डाधिकारी शक्तियां देने का प्रस्ताव शीघ्र भेजें।

### पंच, सरपंच के मतदान मत-पत्र से होगा

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि जिले के संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों को चिन्हांकित कर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्वाचन संबंधी सारी जानकारी इस दौरान दी। जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद पंचायत सदस्य के लिए मतदान ईवीएम से और सरपंच तथा पंच के लिए मतदान मत-पत्र एवं मतपेटी के माध्यम से होगा।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी जिम्मेदारी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन हेतु रिटर्निंग, सहायक रिटर्निंग अधिकारी पदाभीहित कर दिए है। जारी आदेश के अनुसार रिटर्निंग अधिकारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रहेंगे। जिला स्तरीय सहायक रिटर्निंग अधिकारी अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े तथा तहसीलदार गोपाल सोनी रहेंगे। विकासखंड स्तरीय सहायक रिटर्निंग अधिकारियों में तहसीलदार श्रीमती अनिता चोकोटिया, मृगेंद्र सिसौदिया, श्रीमती किरण वरवड़े आनंद जायसवाल भगवान सिंह ठाकुर श्रीमती अश्विनी गोहिया रहेंगी। इसी प्रकार जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच, पंच, पद निर्वाचन हेतु रिटर्निंग सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त कर दिए है।

स्वदेश

स्वदेश 22/10/21



# नागरिकों को शीघ्र मिलेगी सड़क के गड्डों से मुक्ति

प्रसारण न्यूज • रतलाम

बारिश, सीवरेज आदि से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के कारण नागरिकों को आवागमन में हो रही परेशानियों मुक्ति दिलाने हेतु विधायक शहर चेतन्य काश्यप व कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा निगम स्वामित्व की 40 सड़कों के पेंचवर्क का कार्य प्रारंभ किया गया, जिसकी शुरूआत दो बत्ती क्षेत्र से की गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के नागरिकों सड़क के गड्ढों तथा धूल-मिट्टी से निजात दिलाए जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर में निगम स्वामित्व की 40 सड़कों के पेचवर्क का कार्य 85 लाख रू. की लागत से प्रारंभ कर दिया गया है।

दीपावली पर्व के मद्देनजर सड़कों के पेंचवर्क का कार्य तेजी से किया जा रहा है, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। दो बत्ती क्षेत्र में पेंचवर्क कार्य प्रारंभ होने के दौरान कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख, प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन, उपयंत्री बृजेश कुशवाह तथा क्षेत्रिय दुकानदार उपस्थित थे। प्रसारण

प्रसारण २२/१०/२१



# नागरिकों को शीघ्र मिलेगी सड़क के गड्ढों से मुक्ति

रतलाम। बारिश, सीवरेज आदि से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के कारण नागरिकों को आवागमन में हो रही परेशानियों मुक्ति दिलाने हेतु विधायक शहर चेतन्य काश्यप व कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा निगम स्वामित्व की 40 सड़कों के पेंचवर्क का कार्य प्रारंभ किया गया जिसकी शुरूआत दो बत्ती क्षेत्र से की गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के नागरिकों सड़क के गड्ढो तथा धूल-मिट्टी से निजात दिलाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर में निगम स्वामित्व की 40 सड़कों के पेंचवर्क का कार्य 85 लाख की लागत से प्रारंभ कर दिया गया है। दीपावली पर्व के मद्देनजर सड़कों के पेंचवर्क का कार्य तेजी से किया जा रहा है ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। दो बत्ती क्षेत्र में पेंचवर्क कार्य प्रारंभ होने के दौरान कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख, प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन, उपयंत्री बृजेश कुशवाह तथा क्षेत्रिय दुकानदार उपस्थित थे। अवन्तिका

अवन्तिका २२/१०/२१

# शहर में 102% को पहली, 63% को लगी दूसरी डोज

## टीकाकरण ● जिले में 18 साल से अधिक आयु के 37.78 प्रतिशत लोगों को लगी दोनों डोज


रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। देश में कोरोना वैक्सीनेशन अभियान में गुरुवार को 100 करोड़ टीके लगाने का लक्ष्य हासिल किया गया। इसमें जिले में अब तक 18 साल से अधिक आयु वर्ग के 37.78 प्रतिशत लोगों को कोरोना वैक्सीन की दोनो डोज लग चुकी है। तकरीबन आधी आबादी का वैक्सीनेशन हो चुका है। इसी तरह प्रथम डोज लगवाने वालों का प्रतिशत भी 92.12 प्रतिशत पहुंच गया है। सबसे अधिक रतलाम शहर ब्लाक में 102 प्रतिशत प्रथम डोज और 63.78 प्रतिशत दूसरी डोज लगी है। सबसे कम बाजना ब्लाक में 71.66 प्रतिशत प्रथम और 16.98 प्रतिशत दूसरी डोज लगी है। दूसरी डोज में रतलाम शहर ब्लाक के अलावा सभी का प्रतिशत चालीस से नीचे है।

जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण की गति धीमी है। जिले की कुल आबादी करीब 15 लाख है और टीकाकरण करने का लक्ष्य 11 लाख 912 है। 16 जनवरी से वैक्सीनेशन शुरू होने के बाद अब तक 10 लाख 14 हजार 179 लोगों को प्रथम डोज और तीन लाख 83 हजार 120 को दूसरा डोज लग चुका है।

**सौ करोड़ डोज की खुशी में केंद्रों पर लगाए गुब्बारे, की आतशिबाजी:** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डाक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि संपूर्ण भारत में 21 अक्टूबर को कोविड-19 के वैक्सीन के 100 करोड़ डोज लगने पर टीकाकरण केंद्रों पर उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किए गए। रतलाम शहर के अलकापुरी वैक्सीनेशन केंद्र पर आकर्षक गुब्बारे लगाए गए। आतिशबाजी भी की गई। सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे, समाजसेवी गोविंद काकानी, आशीष चौरसिया, लोकेश वैष्णव, सरला वर्मा, जिला टीकाकरण अधिकारी डा. वर्षा कुरील आदि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभा[रंभ] किया। कार्यक्रम के दौरान आमज[न] सेल्फी पर अपने फ़ोटो खिंचवाए।



टीकाकरण केंद्र के बाहर आतिशबाजी कर खुशी मनाते हुए स्वास्थ्यकर्मी। ●नईदुनिया




### जिले में ब्लाकवार स्थिति

| ब्लाक | लक्ष्य | प्रथम डोज | द्वितीय डोज |
|---|---|---|---|
| आलोट | 1,65,665 | 1,53,517 | 43,650 |
| बाजना | 1,24,432 | 89,171 | 15,143 |
| जावरा | 1,83,908 | 1,82,361 | 67,078 |
| पिपलौदा | 1,04,685 | 85,409 | 33,097 |
| सैलाना | 1,02,111 | 96,569 | 16,939 |
| ग्रामीण रतलाम | 1,90,934 | 1,72,998 | 58,380 |
| शहर रतलाम | 2,29,178 | 2,34,154 | 1,48,833 |

### ब्लाकवार प्रतिशत

| ब्लाक | प्रथम डोज | द्वितीय डोज |
|---|---|---|
| आलोट | 92.67 | 28.43 |
| बाजना | 71.66 | 16.98 |
| जावरा | 99.16 | 36.78 |
| पिपलौदा | 81.59 | 38.78 |
| सैलाना | 94.57 | 17.54 |
| ग्रामीण रतलाम | 90.61 | 33.75 |
| शहर रतलाम | 102.17 | 63.56 |


नईदुनिया 22/10/21

### अलकापुरी वैक्सीनेशन केंद्र गुब्बारों से सजाया

रतलाम | देश में कोविड-19 वैक्सीनेशन के 100 करोड़ डोज पूरे हो गए है। इस उपलब्धि पर स्वास्थ्य विभाग खुशियां मना रहा है। अलकापुरी वैक्सीनेशन केंद्र को गुरुवार को गुब्बारों से सजाया गया। केंद्र पर रांगोली बनाई। गुब्बारे छोड़कर पटाखे जलाए। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, समाजसेवी गोविंद काकानी, आशीष चौरसिया, लोकेश वैष्णव सहित अन्य मौजूद थे।

# सफाईकर्मियों का प्रदर्शन : नगरीय निकायों में व्यापमं के जरिए भर्ती का विरोध, मांगी स्थायी नियुक्ति

प्रसारण न्यूज • रतलाम



नगरीय निकायों में सहायक वर्ग 3 और 4 के पदों के लिए व्यापमं के माध्यम से भर्ती किए जाने के विरोध में रतलाम जिले के विभिन्न नगरीय निकायों के स्थाई सफाई कर्मियों ने मोर्चा खोला है। अस्थाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर वर्षों से कार्यरत अस्थाई कर्मचारियों को स्थाई किए जाने की मांग की है। आलोट, जावरा, नामली, धामनोद और सैलाना के सैकड़ों कर्मचारियों ने आज रतलाम कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। मांगें पूरी नहीं होने पर सफाई कर्मचारी संघ ने चरणबद्ध आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

दरअसल, व्यापमं के माध्यम से नगरीय निकायों में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती किए जाने के विरोध में प्रदेश भर में नगरीय निकाय के सफाई कर्मचारी लामबंद हो रहे हैं। रतलाम जिले के नगरीय निकाय के सफाई कर्मचारी संघ ने आज कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है।

प्रसारण

## अस्थाई सफाईकर्मियों की यह हैं मांगें

- व्यापम द्वारा सहायक वर्ग-3, सहायक राजस्व निरीक्षक और भृत्य आदि पदों पर निकाली गई नई भर्तियों पर तत्काल रोक लगाई जाए।
- वर्षों से अस्थाई वेतन भोगी, मस्टरकर्मी, श्रमिक और देवेभो को विभागीय परीक्षा आयोजित कर स्थाई नियुक्ति दी जाए।

प्रसारण 22/10/21

गुरुवार को टेंडर एजेंसी ने दिया डेमो

# निगम के 80 कर्मचारियों को मिलेंगे वायरलेस

पत्रिका डेटा डिकोडेड

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी मिलकर करीब 80 लोग को इस माह के अंत तक वायरलेस सेट मिलेगा। अब नगर निगम के कर्मचारी भी पुलिस की तरह वायरलेस का उपयोग करते नजर आएंगे। इससे कई सुविधाओं से लेकर समस्याओं पर तेजी से असर होगा। इस काम के लिए जिस कंपनी को टेंडर दिया गया है, उसके अधिकारी ने गुरुवार को नगर निगम में आकर डेमो दिया है।

अब तक पुलिस कर्मचारी व अधिकारी वायरलेस सेट का उपयोग करते रहे हैं। अब नगर निगम के कर्मचारी भी इस सेवा का लाभ लेंगे। इसके लिए नगर निगम ने तैयारी को अब अंतिम रुप दे दिया है। जिन कर्मचारियों को वायरलेस मिलेंगे उनमे लोकनिर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य शामिल हैं।

## इस तरह होगा लाभ

वायरलेस सेट मिलने से सबसे बड़ा लाभ तो यह होगा कि अब तक मोबाइल नेटवर्क घर में नहीं होने का जो बहाना कर्मचारी करते रहे हैं उससे मुक्ति मिल जाएगी। इसके अलावा वायरलेस पर किसी भी समस्या या शिकायत मिलने पर उसके समाधान के लिए तुरंत निर्देश दिए जा सकेंगे। वायरलेस की रेंज शहर में 10 किमी की रहेगी। शहर में किसी वार्ड में गंदगी के फोटो आयुक्त या अन्य अधिकारी के पास पहुंचेंगे तो तुरंत वायरलेस पर ही स्वास्थ्य कर्मचारियों को बताया जा सकेगा। बारिश के दौरान अगर कही जर्जर भवन गिरता है तो मदद के लिए अलग-अलग कर्मचारियों को फोन लगाने के बजाए एक बार में ही सूचना सभी को मिल जाएगी। यह वायरलेस आयुक्त, उपायक्त, सहायक आयुक्त के अलावा अन्य को दिए जाएंगे।

### फैक्ट फाइल

शहर में कुल वार्ड - 49

स्वास्थ्य विभाग में मिलेंगे - 54

लोकनिर्माण विभाग में मिलेंगे - 12

सहायक यंत्री - 3

अधिकारी - 11

कुल वायरलेस वितरण होंगे - 80 सेट

शहर में नगर निगम अपने कर्मचारियों को जल्दी ही वायरलेस सेट देने जा रही है। इसके लिए डेमो हो गया है। वायरलेस मिलने के बाद आमजन की समस्याएं तेजी से हल होगी।
**- सौमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका २२/१०/२१

# सालाखेड़ी, बंजली में प्रशासन ने तोड़े भवन

**फर्जी तरीके से बनवाई थी अनुमति, ग्राम सरपंच, सचिव के खिलाफ भी होगी जांच**

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर अवैध निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। नगर निगम द्वारा सालाखेड़ी तथा बंजली क्षेत्र में अवैध अनुमति से बनाए गएं 4 भवनों को तोड़ने के लिए नोटिस जारी किया गया है। क्षेत्र नगर निगम सीमा क्षेत्र में आने से निर्माण नगर निगम की अनुमति से किया जाना था, परंतु ग्राम पंचायत से अवैध अनुमति ली गई। उल्लेखनीय है कि बरबड़ क्षेत्र में दो आवासीय भवन तथा एक कमर्शियल कॉम्प्लेक्स का निर्माण ग्राम पंचायत से अवैध अनुमति लेकर किया गया। महू नीमच रोड पर एक होटल निर्माण सालाखेड़ी ग्राम पंचायत से अवैध अनुमति लेकर किया गया। इस संबंध में संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंचों तथा सचिवों की भी जांच की जाकर दोषी पाए जाने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। दैनिक

दैनिक दुनिया 22/10/21

# 4 भवनों को तोड़ने के लिए नोटिस जारी

स्वदेश।

रतलाम ● कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर अवैध निर्माण के विरुद्ध तीव्र गति से कार्रवाई जारी है। इस तारतम्य में नगर निगम द्वारा सालाखेड़ी तथा बंजली क्षेत्र में अवैध अनुमति से बनाए गए 4 भवनों को तोड़ने के लिए नोटिस जारी किया गया है। उक्त क्षेत्र नगर निगम सीमा क्षेत्र में आने से निर्माण नगर निगम की अनुमति से किया जाना था परंतु ग्राम पंचायत से अवैध अनुमति ली गई।

स्वदेश 22/10/21

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में नगर निगम बना प्रदेश में नम्बर-1

रतलाम ● स्वदेश समाचार

नगर निगम से संबंधित सीएम हेल्पलाइन पर नागरिकों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों के निराकरण में नगर निगम को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण के तहत नगर निगम 1220 शिकायतें निराकरण में संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का वेटेज 47.46 (50 प्रतिशत) 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज 9.01 (10 प्रतिशत), निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों का वेटेज 10 (10 प्रतिशत), नोट अटेडेंट शिकायतों का वेटेज 10 (10 प्रतिशत), मान्य/अमान्य शिकायतों का वेटेज 10 (10 प्रतिशत), लंबित शिकायतों की संख्या में कमी का वेटेज 5.99 (10 प्रतिशत) तथा कुल वेटेज स्कोर 92.46 प्राप्त कर प्रदेश में नम्बर 1 बना।

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों निराकरण में नगर निगम को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई प्रेषित कर कहा कि आगे भी इसी प्रकार कार्य कर रतलाम नगर निगम को प्रथम पायदान पर बनाए रखें। स्वदेश

स्वदेश 22/10/21

## नागरिकों को शीघ्र मिलेगी सड़क के गड्डों से मुक्ति



रतलाम। बारिश, सीवरेज आदि से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के कारण नागरिकों को आवागमन में हो रही परेशानियों मुक्ति दिलाने हेतु विधायक शहर चेतन्य काश्यप व कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा निगम स्वामित्व की 40 सड़कों के पेंचवर्क का कार्य प्रारंभ किया गया जिसकी शुरूआत दो बत्ती क्षेत्र से की गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के नागरिकों सड़क के गड्डो तथा धूल-मिट्टी से निजात दिलाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर में निगम स्वामित्व की 40 सड़कों के पेंचवर्क का कार्य 85 लाख की लागत से प्रारंभ कर दिया गया है। दीपावली पर्व के मद्देनजर सड़कों के पेंचवर्क का कार्य तेजी से किया जा रहा है ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। दो बत्ती क्षेत्र में पेंचवर्क कार्य प्रारंभ होने के दौरान कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख, प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन, उपयंत्री बृजेश कुशवाह तथा क्षेत्रिय दुकानदार उपस्थित थे। स्वतंत्र समय

स्वतंत्र समय 22/10/21

## नागरिकों को शीघ्र मिलेगी सड़क के गड्डो से मुक्ति



रतलाम। बारिश, सीवरेज . आदि से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के कारण नागरिकों को आवागमन में हो रही परेशानियों मुक्ति दिलाने हेतु विधायक शहर चेतन्य काश्यप व कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा निगम स्वामित्व की 40 सड़कों के पेंचवर्क का कार्य प्रारंभ किया गया जिसकी शुरूआत दो बत्ती क्षेत्र से की गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के नागरिकों सड़क के गड्डो तथा धूल-मिट्टी से निजात दिलाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर में निगम स्वामित्व की 40 सड़कों के पेंचवर्क का कार्य 85 लाख की लागत से प्रारंभ कर दिया गया है। दीपावली पर्व के मद्देनजर सड़कों के पेंचवर्क का कार्य तेजी से किया जा रहा है ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। दो बत्ती क्षेत्र में पेंचवर्क कार्य प्रारंभ होने के दौरान कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख, प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन, उपयंत्री बृजेश कुशवाह तथा क्षेत्रिय दुकानदार उपस्थित थे।

इन्दौर समाचार 22/10/21

## नागरिकों को शीघ्र मिलेगी सड़क के गड्ढों से मुक्ति

रतलाम ● बारिश, सीवरेज आदि से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के कारण नागरिकों को आवागमन में हो रही परेशानियों मुक्ति दिलाने हेतु नगर निगम द्वारा निगम स्वामित्व की 40 सड़कों के पेचवर्क का कार्य प्रारंभ किया गया जिसकी शुरुआत दो बत्ती क्षेत्र से की गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के नागरिकों सड़क के गड्ढों तथा धूल-मिट्टी से निजात दिलाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर में निगम स्वामित्व की 40 सड़कों के पेचवर्क का कार्य 85 लाख की लागत से प्रारंभ कर दिया गया है।

स्वदेश 22/10/21

शहर में 153 से अधिक स्थान पर ज्वलनशील पदार्थ

# पगारिया प्लास्टिक को 5 लाख जुर्माने का नोटिस

फॉलोअप



पत्रिका

प्रकाशित खबर।

## नगर निगम आयुक्त ने की रिपोर्ट की समीक्षा, अब नोटिस की तैयारी

रतलाम. शहर के मोहन नगर क्षेत्र में 14 अक्टूबर को लगी आग के बाद पगारिया प्लास्टिक को नगर निगम ने 5 लाख रुपए का नोटिस जारी किया है। करीब 153 से अधिक स्थान पर ऐसी सामग्री सड़क पर है जो ज्वलनशील है व इनमे आग लगने का खतरा तो है ही इसके साथ साथ यह रहवासी क्षेत्र में है। अब इन सभी को नोटिस देकर अन्य स्थान पर अपने सामान को रखने के लिए एक पखवाड़े का समय दिया जाएगा। इसके लिए तीन अलग-अलग जांच के बाद यह निर्णय लिया गया है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सभी उपयंत्रियों सहित अन्य अधिकारियों के साथ गुरुवार को बैठक ली है व योजना की रुपरेखा बनाई है।

शहर में 14 अक्टूबर को पगारिया प्लास्टिक के गोडाउन में आग लगी थी। रहवासी क्षेत्र के गोडाउन में आग के बाद 20 अक्टूबर को फ्रीगंज में प्रकाश ट्रेडर्स के प्लास्टिक गोडाउन में आग लगने की घटना हुई थी। एक सप्ताह में आग लगने की दो घटना के बाद गुरुवार को नगर निगम के लोकनिर्माण विभाग ने पगारिया प्लास्टिक को 5 लाख रुपए की क्षतिपुर्ति का नोटिस जारी करके एक सप्ताह में भुगतान करने को कहा है। निगम के अधिकारियों के अनुसार 15 दमकल आग पर काबू पाने में लगी थी। इसके अलावा अन्य संसाधन भी उपयोग में आए थे, इसलिए एक सप्ताह में भुगतान का नोटिस जारी किया गया है।




फ्रीगंज रोड पर रखें हुए प्लास्टिक पाइप

### इधर हुई समीक्षा बैठक

इधर दूसरी तरफ नगर निगम को 19 अक्टूबर तक शहर के 49 वार्डो में सर्वे करना था। इस सर्वे के आधार पर शहर में जो ज्वलनशील प्रदार्थ के क्षेत्र है, उनको शहर से बाहर करना है। इसके लिए आयुक्त सोमनाथ झारिया ने गुरुवार को दो बार सिटी इंजीनियर हनीफ शेख, सुरेशचंद्र व्यास, स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल सहित उपयंत्रियों के साथ बैठक की। इसमे अब तक हुए सर्वे के आधार पर कार्रवाई की योजना बनाई है। हालाकि सर्वे रिपोर्ट में अब भी कुछ वार्डो में नगर निगम की टीम का पहुंचना शेष है, इसलिए इसी सप्ताह एक बैठक और होगी। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

### सबसे अधिक खतरा

शहर में फ्रीगंज रोड क्षेत्र में सबसे अधिक प्लास्टिक के गोडाउन है। इनके अलावा लक्कड़पीठा में तो सड़क पर ही सागोन से लेकर बांस आदि की लकड़िया रखी रहती है। पिछले वर्ष तो यहां आग भी लगी थी। अब तक जो सर्वे रिपोर्ट आई है उसके अनुसार 45 वार्डो में 153 स्थान पर ज्वलनशील प्रदार्थ रखे हुए है। इसलिए अब इन सभी को धारा 133 में नोटिस देकर एक पखवाड़े का समय दिया जाएगा। इस समय में इन सभी गोडाउन को शहर से बाहर करने को कहा जाएगा।

### पुलिस ने रिपोर्ट भेज दी

इधर शहर के चारों पुलिस थानें से जो जांच करवाई गई थी, वो शहर अनुविभागीय अधिकारी को मिल गई है। गुरुवार को उसको कलेक्टर को सबमिट कर दिया गया है। इस रिपोर्ट के बाद अब नगर निगम की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। इस मामले में अंतिम निर्णय कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम लेंगे। इसके बाद ही गोडाउन को बाहर कितने दिन में करना है इस बारे में तय किया जाएगा। हालाकि इसके पूर्व एक पखवाड़े का समय गोडाउन संचालकों को दिया जाएगा जिससे वे बेहतर वैकल्पिक स्थान की तलाश कर पाए।

### नोटिस जारी किया गया

शहर में 14 अक्टूबर को हुए अग्निकांड के बाद पगारिया प्लास्टिक के संचालक को 5 लाख रुपए का नोटिस क्षतिपूर्ति जमा करवाने को किया गया है। - **हनीफ शेख**, सिटी इंजीनियर, नगर निगम

### हर रिपोर्ट के बाद निर्णय

ज्वलनशील प्रदार्थ के मामले में हर पक्ष से रिपोर्ट मांगी गई है। अंतिम निर्णय सभी के अध्ययन के बाद ही लिया जाएगा। - **कुमार पुरुषोत्तम**, कलेक्टर पत्रिका

पत्रिका 22/10/21

**प्रशासन के निशाने पर भूमाफिया •** राजस्व रिकॉर्ड चेक करने के बाद नगर निगम ने शुरू की तैयारी

# 15 अवैध कॉलोनियों पर चलेगा बुलडोजर कॉलोनाइजर पर दर्ज करेंगे एफआईआर

मास्कर संवाददाता | रतलाम

बिना अनुमति के अवैध रूप से कॉलोनियां विकसित करने वाले कॉलोनाइजरों की अब खैर नहीं है। नगर निगम ने ऐसी 15 कॉलोनियों की लिस्ट बना ली है। असल मालिक की जानकारी सहित अन्य रिकॉर्ड भी राजस्व विभाग से ले लिया है। अगले सप्ताह संभवतः सोमवार से कॉलोनियों में विकसित किए जा रहे इंफ्रास्ट्रक्चर को तोड़ना शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही कॉलोनाइजरों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। निगम के अमले ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। अब सिर्फ देर आला अधिकारियों का इशारा भर मिलने की है। इस कार्रवाई से भूमाफिया में हड़कंप मचा हुआ है। निगम ने सितंबर में 18 अवैध कॉलोनियां चिह्नांकित की थी। इनमें से ऊंकाला रोड, बजरंग नगर, अर्जुननगर की चार जमीनों पर किए जा रहे सड़क सहित अन्य अवैध निर्माण और अतिक्रमण को 2 अक्टूबर को तोड़ दिया गया था।

## सही मालिक व जमीन का वास्तविक क्षेत्रफल सहित अफसरों ने जुटाई जानकारी

### सब इंजीनियरों ने किया मौका मुआयना

राजस्व विभाग से जमीन स्वामित्व, खसरा नकल सहित डिटेल लेकर निगम के सब इंजीनियरों ने अवैध कॉलोनियों को मौका मुआयना कर लिया है। उसकी पूरी रिपोर्ट बनाकर वरिष्ठ इंजीनियर को दे दी है। अब जानकारियों को क्रास चेक किया जा रहा है, ताकि कार्रवाई में कोई रूकावट न आए। बता दे कि 2 अक्टूबर की कार्रवाई में जमीनों के असल मालिकों तक पहुंचने में अफसरों को काफी मशक्कत करना पड़ी थी। इसी कारण इस बार अधिकारियों ने पहले रिकॉर्ड निकलवा लिया है। इससे तोड़ने की कार्रवाई के साथ पुलिस प्रकरण दर्ज कराने में आसानी होगी।

**इनकी भी होगी चेकिंग** - प्रशासन ने रेरा (भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण) में रजिस्टर्ड 72 कॉलोनियों के रिकॉर्ड की भी चेकिंग होगी। वर्तमान में जिले में 72 प्रोजेक्ट है। इनमें से 48 नए है, जिनमें से 3 कंपलीट हो गए हैं। वहीं 24 का का काम चल रहा है, इनमें से सिर्फ दो ही पूरे हो पाए हैं।

### द्वारका रेजीडेंसी फर्म संचालकों की हुई सुनवाई

राम मंदिर के सामने अधूरी पड़ी द्वारका रेजीडेंसी की निर्माण अनुमति तीन से चार दिन में निरस्त हो जाएगी। इसके पहले बिल्डर को एक बार सुनवाई का मौका देना था। इसके लिए निगम ने फर्म संचालक जितेंद्र नागल को गुरुवार को तलब किया था। नागल अपने साथियों के साथ गुरुवार दोपहर तक निगम गलियारों में ही चक्कर लगाते रहे। बाद में सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास ने सुनवाई की। इसमें बिल्डर नागल का पक्ष सुन लिया गया है। सोमवार या मंगलवार को बिल्डिंग परमिशन कैंसल हो जाएगी।

*रिकॉर्ड तैयार किया है- सरकारी जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए लगातार एक्शन लिया जा रहा है। इसी क्रम में बिना अनुमति डवलप हो रही अवैध कॉलोनियों पर भी नगर निगम जल्द कार्रवाई करेगा। जांच करते हुए इनका पूरा रिकॉर्ड तैयार कर लिया है। -* कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर

द.भास्कर २२/१०/२१